मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 अंक - 40 मुंबई, सोमवार, दिनांक 26 जून से 02 जुलाई 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

# मुंबई में भारी बारिश ने मचाई तबाही

## घाटकोपर में इमारत ढही, महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और उसके आसपास के शहरों में हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। मुंबई-पुणे में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव के बाद लोगों का बुरा हाल है। मौसम विभाग ने मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मुंबई के कुछ हिस्सों में आज भी बारिश हुई। आईएमडी के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज 25 जून को मुंबई और दिल्ली में आगे बढ़ गया है।

**रायगढ़ और रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट**

मौसम विभाग ने अगले 4-5 दिनों में महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। रविवार को पालघर, ठाणे, मुंबई और सिंधुदुर्ग के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, रायगढ़ और रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को भी इन जिलों में यही स्थिति रहेगी। कई जिलों में भीषण तूफान के साथ तेज बारिश आने की आशंका भी जताई गई है।

**सीएम शिंदे ने कोस्टल रोड का किया दौरा**

मुंबई में में हो रही बारिश के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वर्ली में कोस्टल रोड का दौरा किया। सीएम ने यहां की जायजा लिया और जलभराव के कारणों के बारे में जानकारी लिए। सीएम ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जलजमाव की स्थिति न हो। मिलन सबवे पर पहुंचे सीएम शिंदे ने कहा, ''आज मैं यहां मिलान सबवे पर हूं और कल यहां 1 घंटे के भीतर लगभग 70 मिमी बारिश हुई, लेकिन यातायात की आवाजाही बंद नहीं हुई है, क्योंकि यहां एक जल भंडारण टैंक बनाया गया है। यहां फ्लडगेट भी लगाया गया है. मैंने विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि लोगों को बारिश के दौरान कोई समस्या न हो।''

### ढही इमारत में फंसे लोग, रेस्क्यू जारी

**मुंबई में बारिश के बीच, घाटकोपर (ईस्ट) के राजावाड़ी कॉलोनी में एक इमारत का हिस्सा ढह गया। बीएमसी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कुछ निवासी इमारत में फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।**

### सर्विस रोड पर भारी मात्रा में पानी

**पुणे जिले के खेड़ शिवपुर इलाके में भारी बारिश के कारण पुणे सतारा हाईवे पर सर्विस रोड पर भारी मात्रा में पानी देखा गया। इस पानी से निकलने में वाहन चालकों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं, कई गाड़ियां पानी में फंस भी गईं। मानसून से पहले कोई प्रारंभिक तैयारी नहीं होने के कारण हाईवे प्रशासन का काम पहली बारिश में ही धड़ाम हो गया। इससे नागरिकों ने हाईवे प्रशासन के प्रति खासी नाराजगी जताई है।**

# मुम्बई में बकरी ईद को लेकर बीजेपी और समाजवादी पार्टी में विवाद





**मुंबईः** मुम्बई में बकरी ईद को लेकर बीजेपी और समाजवादी पार्टी में विवादों का दौरा शुरू हो गया है। मुम्बई में कुर्ला जोगेश्वर में बकरी चोरी के पुलिस और म्यूनिसिपल पर बकरी पकड़ने का आरोप समाजवादी पार्टी नेता अबु आजमी ने लगाया है। बीजेपी नेता हाजी हरफात ने समाज वादी पार्टी को समझाते हुए कहा देवनार और कल्याण मंडी से खरीद को मुंबई के रोड पर गलत तरीके से बकरे बेंचा जा रहा है मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी विधायक अबु आजमी ने कहा बकरी ईद पर हमने मुंबई कमिश्नर देवन भारती से मुलाकात किया है। बीएमसी और मुम्बई पुलिस बकरे पकड़ रहे है। बजरंगदल को लोग भी शामिल है यह सब बकरे पकड़ने का काम जोगेश्वरी और कुर्ला इलाके में ज्यादा हो रहा है। बीजेपी नेता हाजी अरफात ने कहा कुर्ला में अवैध तरीके शीतल ठेठर कल्पना ठेथर दुकान होटल के पास बेचा जा रहा है। बिना एनओसी के सोसायटी में बकरे नही काटने चाहिए दूसरे धर्म इससे आहत हो सकता है। किसी गल्ली मोहल्ला बिल्डिंग चौखट पर बकरे बेचने की इजाजत सरकार कभी नही देगी अगर कोई लूटने का प्रयास करेगा मुंबई पुलिस कार्यवाही करेगी।

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारियों ने लगाया रक्तदान शिविर

**मछली शहर -** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति एवं नई उम्मीद फाउंडेशन मुंबई महाराष्ट्र के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम मेमोरियल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन कर 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।




कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य विद्या शंकर शर्मा मुंबई व अमेठी से चलकर के आए कार्यक्रम के प्रेरक व मुख्य अतिथि एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

सभी रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए घनश्याम शर्मा ने कहा कि जनपद जौनपुर के लोगों के द्वारा किए जा रहे इस मानवीय कार्यों से लोगों के जीवन को बचाने जैसा पुनीत कार्य का एक सुखद अवसर प्रदान होने के साथ-साथ अपने समाज व संगठन का सम्मान बढ़ाने जैसे कार्य को मजबूती मिलेगी। संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने सभी रक्तदानियों को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान के इस मुहिम को रुकने नहीं दिया जाएगा बल्कि इसे और बड़ा बनाने के प्रयास के लिए सर्दी के मौसम में एक बड़ा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा जिसमें संपूर्ण जनपद के लोग उपस्थित होंगे। नई उम्मीद फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक व संस्था के उपकोषाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के वर्तमान परिस्थिति में जहां पर लोग अपने निजी स्वार्थों के चलते अपने परिवारों के मदद के लिए भी आगे नहीं आते ऐसे में हमारे संगठन का यह विशेष प्रयास होगा कि किसी भी जरूरतमंद के लिए तत्काल उसको ब्लड की व्यवस्था करवाई जाए। रक्तदान करने वालों में प्रथम रक्तदान शैलेंद्र शर्मा ने किया, वही दूसरा रक्तदान संस्था के अध्यक्ष दिनेश शर्मा जी ने किया, मनोज शर्मा, सुरेश शर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सीमित, सुरेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा सैलून संघ जिला अध्यक्ष, दिनेश शर्मा, अजय कुमार शर्मा, संदीप शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दशरथ शर्मा, अखिलेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया मुन्नालाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद शर्मा आदि लोगों ने रक्तदान किया।

मौके पर प्रेम शर्मा, अवधेश शर्मा, पंचम शर्मा, अशोक शर्मा, कैलाश शर्मा जिला अध्यक्ष भदोही, मोहम्मद कलीम सलमानी व श्रीकांत शर्मा अमेठी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जय किशन ठाकुर ने की दिल्ली से अपने परिवार के साथ शिर्डी साईं बाबा और सनी सिगनापुर एवं परमपिता शिवजी महाराज के दर्शन त्रंबकेश्वर 4 दिन की यात्रा






**दिल्ली,** वरिष्ठ समाजसेवी और पत्रकार एवं राजनेता जय किशन ठाकुर ने दिल्ली से अपने परिवार के साथ शिर्डी साईं बाबा और सनी सिगनापुर एवं परमपिता शिवजी महाराज के दर्शन त्रंबकेश्वर में की है. जय किशन ठाकुर अपने बेटी के तीनों बेटियां और अपने होते नैतिक एवं पोती दिया के साथ और अपनी धर्मपत्नी रेखा ठाकुर के साथ में 4 दिन की इस यात्रा पर गए. इस यात्रा पर भारत सरकार की तरफ से उनको शिर्डी में सनी सिगनापुर में उत्तम के स्वर में वीआईपी मैं महाराज सदन के प्रोटोकॉल ऑफिसर श्री किशोर जी और वरिष्ठ समाजसेवी और नेता संजय नासिक वालों को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और साईं बाबा के चरणों में कोटि कोटि नमन करता हूं दर्शन का लाभ मिला. 18 तारीख को शिर्डी जाते समय दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ आंदोलनकारी मेधा पाटेकर से भी मुलाकात हुई और हम सब ने उनका आशीर्वाद लिया.



**सविता समाज संस्था (महाराष्ट्र) मुंबई के उपाध्यक्ष श्री कपिल शर्मा जी के निवास स्थान पर दि. 25-6-23 दिन रविवार को सुबह 11 बजे बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर मोहनलाल शर्मा, सुरेन्द्र सविता, लालमन शर्मा, रविंद्रनाथ शर्मा, कपिलदेव शर्मा, नागेन्द्र शर्मा, एफ. सी. शर्मा, बी. एम. शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, छोटेलाल शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।**



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## राष्ट्रपति पुतिन के लिए इससे बड़ा संकट

यूक्रेन पर हमला करने और 16 माह में भी वहां निर्णायक जीत हासिल न कर पाने के कारण पहले से ही सवालों से घिरे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए इससे बड़ा संकट और कोई नहीं कि वैगनर नामक एक निजी सशस्त्र समूह ने उनके खिलाफ विद्रोह कर दिया। इस निजी सेना ने एक रूसी शहर रोस्तोव पर कब्जा कर वहां स्थित सैन्य ठिकाने को जिस तरह घेरा, उससे पता चलता है कि उसके इरादे खतरनाक हैं। चूंकि यह निजी सेना राजधानी मास्को पहुंचने की कोशिश कर रही है, इसलिए यह माना जा रहा है कि उसे रूसी सेना के भी कुछ गुटों का समर्थन प्राप्त है। सच्चाई जो भी हो, वैगनर का विद्रोह रूसी राष्ट्रपति की मुसीबत बढ़ाने और उनकी साख गिराने वाला है। उनके सामने दोहरा संकट आ खड़ा हुआ है। अब उन्हें यूक्रेन की जमीन पर उसकी सेना के साथ ही अपने घर में भाड़े के सैनिकों से भी निपटना होगा। हालांकि पुतिन ने वैगनर के विद्रोह को विश्वासघात करार देते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी कल तक वह यूक्रेन में उसका सहयोग ले रहे थे। वैगनर के लड़ाके यूक्रेन में रूसी सेना के साथ लड़ रहे थे तो पुतिन की सहमति और समर्थन से।

वैसे तो रूस में किसी को सशस्त्र समूह गठित करने की अनुमति नहीं है, लेकिन किन्हीं कारणों से वैगनर को इसकी इजाजत दी गई। इस समूह के लड़ाके सीरिया, लीबिया आदि में भी लड़ते रहे हैं। इसमें रूसी सेना के कुछ पूर्व सैनिकों के साथ अपराधी भी हैं। भाड़े के सैनिक केवल पैसे के लिए लड़ते हैं और वे अपने स्वार्थ के लिए किसी का भी साथ दे सकते हैं। कई बार वे अपने समर्थकों और संरक्षकों के लिए ही मुसीबत बन जाते हैं। पता नहीं क्यों पुतिन यह साधारण सी बात नहीं समझ सके? लगता है वह यूक्रेन पर कब्जा करने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। भले ही वैगनर के पास 25 हजार लड़ाके हों और उसके मुखिया ने यह दम भरा हो कि वह रूस के सैन्य नेतृत्व को उखाड़ फेंकेंगे, लेकिन रूस की सेना दुनिया की ताकतवर सेनाओं में से एक है। उसका संख्या बल भी कहीं अधिक है। इसमें संदेह है कि वैगनर के लड़ाके उसका मुकाबला कर पाएंगे, लेकिन यदि रूसी सेना के कुछ जनरल उसके साथ मिल जाते हैं तो पुतिन का संकट गहरा जाएगा। उन खबरों की अनदेखी नहीं की जा सकती, जिनमें यह कहा जाता रहा है कि रूसी सेना के कुछ अफसर यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन से असहमत हैं। रूस की जनता का एक वर्ग भी यह मानता है कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला कर उसका संकट बढ़ाने का काम किया है। विद्रोह का नतीजा कुछ भी हो, पुतिन की ताकतवर नेता की छवि धूमिल होना तय है।

# आने वाले चुनाव में होगा चमत्कार - स्वरा मराठे

**नांदेड़/संजय धाडवे**

मंदिर, मस्जिद, लव जिहाद, हिंदू राष्ट्र जैसे जातिगत मुद्दों पर राजनीति कर राज्य में सत्तारूढ़ और विपक्षी दल आम लोगों के साथ-साथ किसानों और बेरोजगारों के मुद्दे को भी दरकिनार कर रहे हैं। इसलिए, शहरों और ग्रामीण इलाकों में किसान, ओबीसी, मुस्लिम और दलित अब बड़ी संख्या में बीआरएस पार्टी में शामिल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें भारत राष्ट्र समिति के माध्यम से सबक सिखाने और स्वशासन स्थापित करने का विकल्प दिया गया है। इसलिए, स्वरा मराठे ने दावा किया है कि अगर बीआरएस पार्टी आगामी चुनावों में सफल होती है तो महाराष्ट्र और देश में चमत्कार होगा।

महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा और लोकसभा चुनाव होंगे। अगले 5 से 6 महीने में स्थानीय स्वशासन के चुनाव हो सकते हैं। महाराष्ट्र में सुबह शपथ ग्रहण समारोह, 50 डिब्बे, सब ठीक, राजनीति में अचानक आया भूचाल

**नीति की ओर आकर्षित**

सारे घटनाक्रम ने आम लोगों (मतदाताओं) के मन को झकझोर कर रख दिया है। कुछ लोगों ने बन्दर



घुमाने की भाषा का प्रयोग कर अपनी रोटी सेंकी। और 24 घंटे बिजली। महाराष्ट्र के लोगों को पता चलने से पहले ही सब कुछ हो गया कि क्या हो रहा है। लेकिन महाराष्ट्र के राजनेता इन कार्यकताओं की वंशानुगत विरासत को सामने लाकर उनके खिलाफ अन्याय की परंपरा को जारी रखे हुए हैं। महाराष्ट्र के राजनेताओं का हिसाब लगाएं तो 75 फीसदी ने इस मांग पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। तेलंगाना गरीब, वंशवादी होगा। राज्य की जनता शिक्षित बेरोजगार है और इस राजनीति से थक चुकी है। किसानों और वंचितों की कैवारी माताएं-बहनें बनकर सामने आईं केसीआर की बीआरएस पार्टी की शुरूआत महाराष्ट्र के नांदेड़ जिलों से हुई थी। मराठवाड़ा, नांदेड़, लोहा और औरंगाबाद में तीन स्थानों पर पार्टी की भव्य बैठकें हुईं। किसानों के कल्याण के लिए केसीआर की नीतियों के साथ-साथ कमजोर और वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने के उनके दृढ़ संकल्प ने आम आदमी को अपना मराठा बना दिया है। खेती के लिए किसानों की जरूरत है। पहले से कहीं ज्यादा छूट दी जा रही है। तो फिर महाराष्ट्र में क्यों नहीं? ये सवाल जनता पूछ रही है। केसीआर सभी आम लोगों की मदद के लिए 'अबकी बार, किसान सरकार' के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। इसलिए स्वरा मराठे ने दावा किया है कि आने वाले सभी चुनावों में महाराष्ट्र में चमत्कार देखने को मिलेगा।

# श्रीयांशी को शुभेच्छा देने वालों का तांता...

**भांडुप,** भांडुप की रहनेवाली सामान्य परिवार की छात्रा श्रीयांशी अंगद यादव दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 86.20 फीसदी अंक पाकर परिवार का नाम रोशन किया है। भविष्य में वह डॉक्टर बनना चाहती है। बता दें कि श्रीयांशी भांडुप के फरीद नगर में रहती है। जबकि उसके पिता अंगद यादव सब्जी विक्रेता हैं और मां रिंकू यादव एक गृहिणी है।

छात्रा श्रीयांसी शुरू से ही पढ़ने में मेधावी है। इसी के चलते वह । दसवीं परीक्षा में ससम्मान उत्तीर्ण हुई है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.20% अंक पाने पर श्रीयांशी



को पत्रकार अशोक कुमार पांडेय, रामप्रवेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, विकास सिंह, सुशील कुमार पांडेय व प्रेम बहादुर यादव समेत अन्य लोगो ने शुभकामनाएं दी हैं।

## जलापूर्ति न होने की गंभीर समस्या से जूझ रही जनता

**ठाणे :** दिवा में जलापूर्ति न होने की गंभीर समस्या से जनता जूझ रही है। दिवा के कई इलाकों में पानी की जलापूर्ति न होने से हाहाकार मचा हुआ है, लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। यहां की जनता पानी के लिए हैंडपंप और टैंकर पर निर्भर है जिसका फायदा टैंकर माफिया उठा रहे हैं। इसको लेकर अब नागरिकों में काफी नाराजगी है। दिवा की जनसंख्या लगभग एक करोड़ से अधिक है, इसके बावजूद यहां कई सालों से पानी की समस्या बनी हुई है।

# उप्र में नायब तहसीलदार बनीं पहलवान दिव्या काकरान



**मुजफ्फरनगरः** अर्जुन अवार्डी अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान दिव्या काकरान को योगी सरकार ने नौकरी का तोहफा दिया है। शासन स्तर से शीघ्र उनको नायब तहसीलदार पद को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। बेटी की सफलता पर पुरबालियान से लेकर मेरठ तक हर्ष की लहर दौड़ गई।

दिव्या ने बताया कि शुक्रवार को लखनऊ शासन स्तर से उन्हें फोन कर सूचित किया गया है। उन्हें नियुक्ति विभाग ने नायब तहसीलदार का पद दिए जाने की जानकारी दी है। जल्द ही नियुक्ति पत्र पहुंच जाएगा ।

तैनाती स्थल में वह गाजियाबाद या मेरठ चाह रही हैं। शादी के बाद से दिव्या पति सचिन प्रताप सिंह के साथ मेरठ में रहती हैं। दिव्या के पिता सूरजवीर ने बताया कि बेटी ने जिस तरह से देश, गांव-समाज का कुश्ती में मान बढ़ाया है। अब वह सरकारी पद पर रहकर समाजसेवा कर हमारा गौरव बढ़ाएंगी।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३






**नगर परिषद, वैजापुर भगवान महावीर अस्पताल की कर्तव्यदक्ष परिचारिका निर्मलाताई बोर्गे की उत्कृष्ट सेवा के लिए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार खंडालकर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.**

# गौ हत्या पर होगी कड़ी कार्यवाही :श्री राहुल नार्वेकर



**मुम्बई:** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष श्री राहुल जी नार्वेकर से किनवट तालुका में गौरक्षकों पर हुए हमले और एक गौरक्षक की जघन्य हत्या के परिपेक्ष्य विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल मिला।

प्रतिनिधि मंडल ने कीनवट हत्याकांड और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों जलगांव, धुलिया, मालेगांव आदि अन्य स्थानों पर गौरक्षकों पर हमलों और आगामी ईद के मौके पर गोवंश हत्या बंदी के लिये कड़ी कार्यवाही की मांग की। गौरक्षकों को पूरी सुरक्षा की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र में लागू सम्पूर्ण गोवंश हत्या बंदी कानून की मजबूती से पालन की भी मांग की।

माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री राहुल नार्वेकर जी ने सभी मांगों से सहमति जताते हुए दिशा निर्देश पुलिस महासंचालक को जारी किये। शिष्टमंडल में विश्व हिंदू परिषद गौशाला संपर्क प्रमुख श्री लक्ष्मीनारायण चांडक, विश्व हिंदू परिषद, मुंबई शहर गोरक्षा प्रमुख श्री रमेश पुरोहित, पूर्व नगरसेवक श्री जनक संघवी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री रितेश जैन उपस्थित थे।



**पुणे, महाराष्ट्र में ज्योतिर्विद संस्था पुणे के सुवर्ण महोत्सव कार्यक्रम में श्री नारायणी सेना संगठन के महिला प्रदेश अध्यक्षा सौ रेखा ताई टाक को कार्य सम्मान पुरस्कार दिया गया, राष्ट्रीय ज्योतिष शास्त्र के पंडित आदिनाथ जी सालवी, दाते पंचांग के रचयिता दाते जी, संस्था की अध्यक्षा प्रो स्मिता ताई, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar आदी मान्यवर।।**



# ह्रसोच बदलो,मुलुंड बदलेगाह्व के द्वारा नोटबुक एवम शालेय सामग्री वितरण

**मुंबई**-जनसेवक एवम पत्रकार शुलभ जैन की ह्रसोच बदलो,मुलुंड बदलेगाह्व के द्वारा नोटबुक एवम शालेय सामग्री वितरण मुलुंड हाई स्कूल हाल, चंदन बाग रोड, मुलुंड प.पर आयोजित किया गया।


इस अवसर पर कांग्रेस नेता ,वरिष्ठ समाज सेवी डॉ.बाबुलालसिंह,डॉ.आर.आर.सिंह, उत्तम गीते,संजय माली, हेमकिरण जंगम, समाज सेवक कन्हैयालाल गुप्ता,विलास राजपूत, भारती जैन, निर्मलासोनावणे,मनीष कुवाडिया,राजेश जाधव,महर्षि दयानंद फाउंडेशन के अमितजैसवाल जिगर भानुशाली, मुकेश सिंह द्वारा विद्यार्थियों को नोटबुक एवम शालेय सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथीयों ने शुलभ जैन द्वारा किये जा रहे मानवता से परिपूर्ण कार्यों,पशु पक्षी ,पर्यावरण संरक्षण एवम मुलुंड की जनता के लिए आवश्यक सराहनीय कार्यो का बखान किया।

# टिपल ए की बैठक सम्पन्न हुई



**सीखड़,** दिनांक 23 जून 2023 को विकास खण्ड अर्न्तगत मातृ-शिशु उपकेंद्र सीखड में एनम आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री की टीपल ए की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में एनम द्वारा वर्तमान में चल रहे स्वास्थ सम्बंधित योजनाओं पर ध्यान देने टीकाकरण अभियान में ड्यूलिस्ट के अनुसार शत प्रतिशत संचारी रोग नियंत्रण के बारे में तथा लाभार्थियों की उपस्थिति रखने उनका स्वास्थ्य परीक्षण टीकाकरण कराने जैसे स्वस्थता सम्बंधित जानकारी एनम ने दिया बैठक में एनम आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता मौर्या ममता सिंह, सहित आशा बहू संगीता,शशीकला श्री देवी उपस्थित रही।

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C१६८५

# मुंबई के एक मकान के होते थे 300 दावेदार, अब बचे महज 18... जानें क्यों घटता जा रहा म्हाडा की लॉटरी का क्रेज

## 2023 की लॉटरी में लोग उम्मीद से कम ले रहे हैं दिलचस्पी




**मुंबई:** लाखों मुंबईकरों की चाहत होती है कि मायानगरी में उनका कोई अपना घर हो। मकान ढंग के हों और बजट में हों, इसलिए महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) की लॉटरी का इंतजार रहता है। इस बार करीब 4 साल बाद म्हाडा मुंबई बोर्ड की लॉटरी निकली। लग रहा था कि सारे रेकॉर्ड टूट जाएंगे, लेकिन लोगों ने इसमें दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। इस वजह से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ानी पड़ रही है। इससे पहले कोंकण बोर्ड ने 10 मई को 4,640 घरों के लिए लॉटरी जारी की थी, जिसके लिए केवल 59,058 लोगों ने आवेदन किए थे। यहां भी प्रति घर के लिए औसतन 12 लोगों ने ही रुचि दिखाई।

**कोविड के बाद पहली लॉटरी**

मुंबई बोर्ड के लिए म्हाडा की अंतिम लॉटरी कोरोना से पहले 2019 में जारी हुई थी, जिसके बाद अब हुई है। चार साल पहले 217 घरों के लिए जारी हुई लॉटरी में 66,084 आवेदन प्राप्त हुए थे। यानी एक घर के लिए करीब 308 आवेदन थे। इस बार 4,082 घरों के लिए अब तक केवल 75,683 लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसका मतलब एक मकान के लिए औसतन 18 आवेदन मिले हैं। हैरानी की बात है कि इसमें से भी केवल 51,563 आवेदकों ने पैसे जमा कर अपनी दावेदारी पक्की की है।

लॉटरी को उम्मीद से कम प्रतिसाद मिलने से म्हाडा की चिंता बढ़ गई है। म्हाडा को उम्मीद थी कि मुंबई बोर्ड की यह लॉटरी सभी रेकॉर्ड तोड़ देगी। 4,082 घरों के लिए 2 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होने की उम्मीद थी, लेकिन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होने के बाद करीब एक महीने में सिर्फ 75,683 रजिस्ट्रेशन ने म्हाडा को निराश कर दिया है। म्हाडा के इतिहास में कोंकण बोर्ड द्वारा 2021 में जारी हुई लॉटरी को सबसे अधिक 2,46,650 आवेदन प्राप्त हुए थे। कोंकण बोर्ड ने 8,984 घरों की लॉटरी जारी की थी।

# भटवार मे संस्था द्वारा किया गया शोक सभा का आयोजन



**मड़ियाहूं** - दिनांक 23मई को कन्हैया लाल शर्मा ग्राम भटवार,इटाये के परम पूज्य भाभी जी के त्रयोदशी तेरही में भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के पदाधिकारी पहुंचे।वहा पर कन्हैया लाल शर्मा ने सभी पदाधिकारियों, चौधरी व समाज के सैकड़ों महानुभाव का अंग वस्त्र व सुंदर से पुष्पहार द्वारा स्वागत किये इसके बाद शोक सभा का आयोजन किया गया शोक सभा में मृतक आत्मा के शांति हेतु उनके चरणों में पुष्प चढ़ाकर दो मिनट मौन होकर ईश्वर से प्रार्थना किया की उनकी आत्मा को शांति प्रदान हो।संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,मुन्नालाल शर्मा,अशोक कुमार शर्मा,विमल शर्मा,विद्या सागर शर्मा,शैलेंद्र शर्मा, लक्षनधारी शर्मा पूर्व प्रधान,बच्चन शर्मा,पन्ना लाल शर्मा तमाम लोग वहां उपस्थित रहे।

# शहर में किसी के संपर्क में गर्भपात वाले डॉक्टर आए तो तत्काल जानकारी दें - मनपा



**वसई :** वसई-विरार शहर महानगरपालिका वैद्यकीय आरोग्य विभाग ने नागरिकों से विषय के सूचना जारी कर अपील की है। मनपा ने बताया कि, चिकित्सा गर्भपात अधिनियम १९७१ की धारा ४ (ए और बी) के प्रावधानों के अनुसार और चिकित्सा गर्भपात नियम २००३ के नियम ४ के तहत, सरकार द्वारा अनुमोदित स्थान पर एक प्रशिक्षित चिकित्सा व्यवसायी द्वारा चिकित्सा गर्भपात किए जाने का प्रावधान है। यह मंजूरी तभी दी जाती है जब सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि संबंधित दवाखाना में किए गए गर्भपात सुरक्षित और सावधानी से किए गए हैं। क्योंकि गर्भपात कराने आई महिला के स्वास्थ्य के लिए उक्त सेवाएं, उपकरणों की उपलब्धता और समय पर डिलीवरी होना जरूरी है। सुरक्षित और कानूनी गर्भपात सेवाएं पाना महिलाओं का अधिकार है।सुरक्षित और कानूनी गर्भपात सेवाओं तक पहुंच महिलाओं का अधिकार है।इसलिए, सभी नागरिकों से अनुरोध है कि यदि वे ऐसे संदिग्ध चिकित्सकों के संपर्क में आएं तो मनपा के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें क्योंकि अवैध चिकित्सकों से गर्भपात की गोलियाँ लेना/अवैध गर्भपात कराना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। संबंधित अवैध चिकित्सकों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखे जाने की बातें भी समाने आया है।

# बाइक-कार चलाते पकड़े गए अगर नाबालिग मिले तो माता-पिता जाएंगे जेल



**मुंबई :** कम उम्र के टू व्हीलर और फोर व्हीलर चालकों के माता-पिता हो जाए सावधान। मुंबई सहित राज्य में बढती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए महाराष्ट्र राज्य परिवहन विभाग एक्शन मोड पर आ गया है।विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार,जिन माता-पिता के नाबालिग बच्चे बिना लाइसेंस के मोटरसाइकिल व कार और अन्य गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाते हैं तो, उन बच्चों के पेरेंट्स को 25 हजार रुपये का भारी जुमार्ना भरना होगा और संभावित रूप से तीन साल तक की जेल भी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक,राज्य परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम के इस प्रावधान को सख्ती से लागू करने का फैसला किया है। बता दें कि विभाग ने न केवल माता-पिता पर भारी जुमार्ना लगाने का फैसला किया है,बल्कि कम उम्र के ड्राइवरों को 25 साल की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने से भी प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**महाराष्ट्र में हर साल लगभग 15 हजार लोगों की चली जाती है जान**

गौरतलब है कि ट्रैफिक पुलिस यातायात को दुरुस्त रखने और लोगों को हादसों से बचाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है। सड़क दुर्घटनाओं के कारण महाराष्ट्र में हर साल लगभग 15 हजार लोगों की जान चली जाती है, इनमें से आधे से अधिक दुर्घटनाएं जनवरी 2022 और दिसंबर 2022 के बीच हुईं जिनमें दोपहिया वाहन चालक शामिल थे,जिसके परिणामस्वरूप 7,700 मौतें हुईं। इस मुद्दे को व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए, परिवहन आयुक्त का निर्देश माता-पिता और कम उम्र के ड्राइवरों दोनों को लक्षित करते हुए परामर्श सत्र की आवश्यकता पर भी जोर देता है। सड़क सुरक्षा और कानूनी जागरूकता पर परामर्श प्रदान करके, अधिकारियों का लक्ष्य सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देना और सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जानमाल की हानि को कम करना है। राज्य परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओएस) को दोपहिया वाहन चालकों के लिए अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है, विशेष रूप से धारा 18 के सख्त कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो 20 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों पर परिवहन वाहन चलाने से रोकता है।


# महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज...




**वसई:** देश में नारी सुरक्षा पर चिंता होना जायज है, क्यों कि महिलाओं के साथ बलात्कार और छेड़छाड़ जैसी घिनौनी हरकत करने वाले आज भी बेखौफ है। ऐसा ही एक मामला नालासोपारा से सामने आया है जहां एक व्यक्ति ने एक महिला डॉक्टर की क्लिनिक में घुसकर छेड़छाड़ को अंजाम दिया। बता दे कि मामले में पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज आरोपी को पुलिस तलाश रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता, ३२ वर्षीय डॉ क्टर,नालासोपारा पूर्व में एक क्लिनिक है। बुधवार सुबह एक अजनबी उनके अस्पताल में आया,जांच के मौके पर उसने डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस बार जब महिला डॉक्टर ने उसका विरोध किया तो वह भाग गया।

# चाइना से चल रहा है साइबर टास्क फ्रॉड, मुंबई, सूरत और राजस्थान से 6 गिरफ्तार

**नागपुर :** पिछले कुछ दिनों में आपने वर्क फ्रॉम होम टास्क फ्राड के बारे में कई खबरें पढ़ी होंगी. अब तक तो लग रहा था कि पहले की तरह ही गुरुग्राम, मेवात और बिहार में बैठी गैंग इस ठगी को अंजाम दे रही होगी लेकिन साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्रकरण की जांच करते-करते पुलिस को पता चला कि साइबर टास्क फ्रॉड चाइना में बैठे सरगना चला रहे हैं. देश के युवकों को उन्होंने काम पर रखा है. फ्राड करने के लिए साइबर अपराधियों ने मानो कंपनी खोल रखी है. डीसीपी अर्चित चांडक ने बताया कि इस मामले में मुंबई, राजस्थान और सूरत से




6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पकड़े गए आरोपियों में घाटकोपर, मुंबई निवासी आकाश विनोद तिवारी (29), चांदीवली, मुंबई निवासी रवि रामनाथ वर्मा (33), नाला सोपारा निवासी संतोष राममनी मिश्रा (39), अमरोली, सूरत निवासी मीत हरेश व्यास (26), विजयनगर, राजस्थान निवासी अंकित निहालसिंह टाटेर (33) और अरविंद महावीर शर्मा (24) का समावेश है. अधिकांश आरोपी सुशिक्षित और संपन्न परिवारों से हैं. पुलिस ने बैरामजी टाउन निवासी घनश्याम गोविंदानी (32) की शिकायत पर मामला दर्ज किया था.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com